*The house re-assembled after lunch at one minute past two of the clock.*

**MR. DEPUTY CHAIRMAN** *in the Chair.*

**Re. Releasing women aged above 75 years languishing in jails**

**श्री राजीव शुक्ल** (महाराष्ट्र): उपसभापति जी, मैं कुछ कहना चाहता हूं। आज महिला दिवस पर बहस हो रही थी और सांसद "महिला" दिवस पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। आज "महिला दिवस" है। हम सब इस दिवस पर भाषण तो देते हैं, लेकिन महिलाओं के लिए करते कुछ नहीं हैं। मेरी सरकार से यह मांग है कि जो 75 साल से ऊपर की महिलाएँ हैं या इस तरह की जो और भी महिलाएँ हैं, जिनकी उम्र ज्यादा है, जो 75 साल से ऊपर की हैं और जेलों में पड़ी हुई हैं, अगर उन्होंने हीनियस क्राइम्स में, अपनी इम्प्रिजनमेंट के पाँच साल पूरे कर लिए हैं, तो पूरे देश में, कम से कम इस तरह की महिलाओं को, जिनकी उम्र 75 वर्ष से ज्यादा है, छोड़ देना चाहिए। हमें अपने नेशन में, महिलाओं के लिए कम से कम इतना गिफ्ट तो देना ही चाहिए।

**श्रीमती विप्लव ठाकुर** (हिमाचल प्रदेश): ये बिल्कुल ठीक कह रहे हैं।

**श्री के.सी. त्यागी** (बिहार): उपसभापति जी, मैं भी इसका समर्थन करता हूं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री राजीव शुक्ल**: 75 साल की महिलाएँ, जो जेलों में पड़ी हुई हैं, उन पर कोई विचार नहीं करता है ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Really, women above 75 years are in jail!

SHRI RAJEEV SHUKLA: Women, above 75 years, have been languishing in jail; they should be released. .... *(Interruptions)* .... At least, on International Women's Day, this should be done. I want a response from Mr. Naqvi on this, if he could. Naqvi *saheb,* please convey this thing to the Home Ministry.

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी)**: उपसभापति जी, माननीय राजीव शुक्ल जी ने जो मुद्दा उठाया है, निश्चित तौर पर यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। आज "महिला दिवस" है, इस अवसर पर इसके प्रति हम सबकी निश्चित तौर से और ज्यादा जिम्मेदारी बनती है, हम इस बारे में गृह मंत्रालय को कनवे करेंगे। इसके साथ ही साथ जो स्टेट गवर्नमेंट्स हैं - क्योंकि ये इश्यूज़ स्टेट गवर्नमेंट्स से रिलेटिड होते हैं, इसलिए हम ऐसी अपेक्षा करते हैं कि स्टेट गवर्नमेंट्स भी इसको पूरी संवेदनशीलता के साथ लेंगी।

**श्री राजीव शुक्ल**: बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Thank you, Mr. Rajeev Shukla, you have raised a good point. It is a good suggestion. Now, I take up further discussion on the Motion of Thanks on President's Address.

---